## HIGH COURT OF JUDICATURE FOR RAJASTHAN
## BENCH AT JAIPUR

S.B. Criminal Miscellaneous (Petition) No. 4913/2022

Raghav Trading Company Through Its Proprietor Shri Suresh Kumar

----Petitioner

Versus

State Of Rajasthan

----Respondent

| | | |
|---|---|---|
| For Petitioner(s) | : | Mr. Vishnu Kumar Sharma |
| For Respondent(s) | : | Mr. Amit Kumar Gupta, PP<br>Ms. Hina Garg |

**HON'BLE MRS. JUSTICE SHUBHA MEHTA**

**<u>Order</u>**

**<u>18/03/2026</u>**

याची–अभियुक्त की ओर से यह याचिका प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 76/2022 पुलिस थाना चिकसाना, जिला–भरतपुर को निरस्त/रद्द किये जाने की प्रार्थना के साथ प्रस्तुत की गई है।

पत्रावली के अवलोकन से प्रकट होता है कि इस न्यायालय की समकक्ष पीठ द्वारा दिनांक 15.07.2022 को अन्तरिम आदेश पारित करते हुए प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 76/2022 पुलिस थाना चिकसाना, जिला–भरतपुर में याची–अभियुक्त को गिरफ्तार नहीं करने के निर्देश दिये थे और याची को अन्वेषण में पूर्णतः सहयोग करने हेतु निर्देशित किया गया था।

विद्वान लोक अभियोजक ने प्रकट किया कि याची–अभियुक्त अन्वेषण हेतु अन्वेषण अधिकारी के समक्ष उपस्थित नहीं हुआ है।

अतः मामले की प्रकृति व प्रकरण के समस्त तथ्यों एवं परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए याची–अभियुक्त को निर्देश दिया जाता है कि वह दिनांक 28.03.2026 को अनुसंधान अधिकारी के समक्ष उपस्थित होकर अनुसंधान में भाग ले। अनुसंधान अधिकारी आवश्यक अनुसंधान कर आगामी सुनवाई तिथि पर केस डायरी मय तथ्यात्मक रिपोर्ट न्यायालय में पेश करें।

पत्रावली दिनांक 16.04.2026 को सूचीबद्ध की जावे, तब तक पूर्व में पारित अन्तरिम आदेश, यदि कोई हो, तो प्रभावी रहेगा।

(SHUBHA MEHTA),J

VISHAL SHARMA /41